आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04/03/2026 समय : 07.10पीएमण

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में फागुनी रंगों की धूम, सीएम डॉ यादव ने खेली गुलाल से होली, वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह बोले- दुनिया को बारूद नहीं, रंगों की जरूरत।
- ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने दी होली की शुभकामनाएं, कहा- यह त्योहार अब आधुनिक ऑस्ट्रेलिया की कहानी का हिस्सा।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में किया भारत पवेलियन का उद्घाटन।
- पश्चिम एशिया में तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने खोला नियंत्रण कक्ष, भारतीय दूतावासों ने भी शुरू की 24 घंटे आपात हेल्पलाइन।

**होली-** देश

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। आज दिनभर देशभर में रंग खेला गया।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने होली के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि रंगों का यह त्योहार लोगों के जीवन में प्रेम और आशा लाता है और एकता तथा भाईचारे को मजबूत करता है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि होली का त्योहार पूरे वातावरण को नई ऊर्जा से भर देता है, जो इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने होली पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार अच्छाई की बुराई पर जीत, दोस्ती और इंसानियत की एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली अब पूरे ऑस्ट्रेलिया में बड़े उत्साह के साथ मनाई जा रही है और आधुनिक ऑस्ट्रेलिया की कहानी का हिस्सा बन चुकी है।

**होली-** प्रदेश

प्रदेश में भी आज होली का पर्व रंग, उमंग और लोक-संस्कृति के साथ मनाया गया। भोपाल से उज्जैन और इंदौर से ग्वालियर तक हर गली-चौराहे पर फागुनी रंगों की धूम रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूलों और गुलाल से होली खेली, तो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फाग गाते हुए कहा कि दुनिया को बारूद नहीं, रंगों की जरूरत है।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने ढोलक की ताल पर पारंपरिक फाग गाया, तो उज्जैन में संतों ने पुष्प वर्षा के बीच होली का आनंद लिया। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक नगरी खजुराहो और ओरछा में देश-विदेश के पर्यटकों ने भी भारतीय रंग में रंगकर होली खेली।

शिवपुरी में विधायक देवेंद्र जैन ने अग्रवाल समाज के साथ होली मनाई, तो रायसेन में हुरियारों का भव्य जुलूस निकला। अशोकनगर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को तिलक लगाया और उनका आशीर्वाद लिया।

खंडवा, रायसेन, शिवपुरी, छिंदवाड़ा,पन्ना,नीमच,अशोकनगर,सतना और सीहोर जिले में रंगों का पावन पर्व होली पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में भारत पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत सिर्फ अपने 1.4 अरब नागरिकों के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक भरोसेमंद डिजिटल नेटवर्क तैयार कर रहा है। इस बार भारत पवेलियन में 5जी, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली 40 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल हुईं।

**राज्यसभा चुनाव**

भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र राज्यसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले समेत चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इससे पहले पार्टी ने बिहार, असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के लिए नौ और उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। 10 राज्यों की 37 रिक्त सीटों के लिए 16 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 5 मार्च है और उम्मीदवार 9 मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं।

**केंद्रीय कृषि मंत्री जन्मदिन**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने जन्मदिन यानी 5 मार्च को पांच बड़े संकल्प लेने जा रहे हैं। वे अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र में मोबाइल हॉस्पिटल, दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और गरीब छात्रों के लिए निःशुल्क "मामा कोचिंग" शुरू करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्होंने अपील की है कि उनके स्वागत में माला-गुलदस्ते की जगह पौधा लगाकर फोटो भेंट की जाए। साथ ही वे दसवीं और बारहवीं के होनहार छात्रों को "प्रेम सुंदर प्रतिभा सम्मान" से सम्मानित भी करेंगे।

**नियंत्रण कक्ष**

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके साथ ही संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्थित भारतीय दूतावासों ने नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

**उपराष्ट्रपति- दौरा**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 7 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर अगरतला पहुंचेंगे। 8 मार्च को वे अल्बर्ट एक्का युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे और त्रिपुरा विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे नई दिल्ली लौट जाएंगे।

**आईसीसी-टी20**

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया गया है।

दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कल प्रदेश के 35 जिलों में दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि धार, नर्मदापुरम, खरगोन, खंडवा और रतलाम सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों में तापमान 2 से 4 डिग्री और बढ़ सकता है। हालांकि 6 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

**कुछ समाचार संक्षेप में :-**

- शिवपुरी में 17 से 24 मार्च तक बड़ा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मेडिकल कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया।
- गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चे, निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए 13 से 28 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभिभावक rteportal.mp.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।
- खंडवा में होली पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई। आदिवासी क्षेत्र में लोक वाद्यों की थाप पर युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य कर होली का रंग और गहरा किया।
- नर्मदापुरम में विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस बार की थीम "समुदायों से कक्षाओं तक: सभी बच्चों के लिए श्रवण देखभाल।" रखी गई थी।
- पन्ना के जुगल किशोर मंदिर में रंगरसिया होली मनाई गई। किलकिला नदी तट पर स्थित राधिका रानी मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए बरसाना बना हुआ है, जहां फूलों की होली खेली गई।

- सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है। जिला खाद्य विभाग ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रदेश में फागुनी रंगों की धूम, सीएम डॉ यादव ने खेली गुलाल से होली, वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह बोले- दुनिया को बारूद नहीं, रंगों की जरूरत।

- ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने दी होली की शुभकामनाएं, कहा- यह त्योहार अब आधुनिक ऑस्ट्रेलिया की कहानी का हिस्सा।

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में किया भारत पवेलियन का उद्घाटन।

- पश्चिम एशिया में तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने खोला नियंत्रण कक्ष, भारतीय दूतावासों ने भी शुरू की 24 घंटे आपात हेल्पलाइन।

-------------------